**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का करेंगे शुभारंभ।
- वर्ल्ड फूड इंडिया में कल प्रधानमंत्री ने कहा- वैश्विक निवेशक भारत की ओर बड़ी आशा से देख रहे हैं।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन किसानों के लिए एमएसपी और मुआवजे की घोषणा की।
- पाकिस्तान ने सुपर-4 में बांग्लादेश को हराया, अब 28 सितंबर को भारत से होगा फाइनल मुकाबला।

प्रधानमंत्री -महिला रोजगार योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधे दस-दस हजार रुपये हस्तांतरित करेंगे। इस योजना के तहत आगे चलकर प्रत्येक लाभार्थी को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। योजना में कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प और लघु उद्योग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वर्ल्ड फूड इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में चार दिवसीय वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में भारत की खाद्य प्रसंस्करण शक्ति और ऑर्गेनिक फूड उत्पादन का प्रदर्शन किया जा रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री कहा कि वैश्विक निवेशक, विशेषकर खाद्य क्षेत्र के निवेशक, भारत की ओर बड़ी आशा से देख रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में सक्रिय योगदान दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है और वैश्विक दुग्ध आपूर्ति में 25 प्रतिशत योगदान देता है। उन्होंने कहा कि चावल और गेहूं उत्पादन में भारत का दूसरा स्थान है, जबकि देश फलों, सब्जियों और मत्स्य क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

सेवा पर्व - रक्षा निर्यात और अधिग्रहण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने रक्षा निर्यात को प्रोत्साहन दिया है और रक्षा खरीदारी को मज़बूत किया है।

पैकेज- ...

मुख्यमंत्री-सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सागर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 215 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना के सिंगल विंडो पोर्टल की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाया जाएगा। सोयाबीन की फसल को अतिवृष्टि या रोग से नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोयाबीन का एमएसपी 5328 रुपये निर्धारित है और किसानों को यही दर दिलाई जाएगी। फसल एमएसपी से कम भाव पर बिकने पर भावांतर राशि भी दी जाएगी।

जीएसटी सुधार

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों को कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं। एक रिपोर्ट-

पैकेज - ....

नवरात्रि

नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष महत्व है। नवरात्रि के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी को यह नाम उनके पुत्र भगवान स्कंद कार्तिकेय की माता होने के कारण प्राप्त हुआ। प्रदेशभर के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। श्रद्धालु पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ ले रहे है।

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप क्रिकेट-2025 के सुपर-4 मुकाबले में कल पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। दुबई में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 124 रन पर ही सिमट गई। अब पाकिस्तान 28 सितंबर को फाइनल में भारत से भिड़ेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मां शारदा की नगरी मैहर में चल रहे शारदेय नवरात्रि मेला में देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन कर रहे हैं।
- प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू। इंदौर, उज्जैन और सागर संभाग में हल्की बारिश दर्ज, मंडला-बलाघाट के लिए यलो अलर्ट जारी।
- शिवपुरी में कल महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, अनुकूल एवं भेदभाव रहित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में आंतरिक परिवाद समिति के सदस्यों और अन्य स्टेक होल्डर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- धार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत कल जमन जत्ती पहाड़ी पर वन विभाग द्वारा केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की मौजूदगी मे पौधारोपण किया गया।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कल आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कटनी जिले के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए जिला पेंशन कार्यालय द्वारा आज से 30 सितंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत इन्दौर में तीन दिवसीय आजीविका मेला प्रारंभ हुआ।

-------